आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 04.08.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- समग्र शिक्षा के अंतर्गत डिगलीपुर में आज सुबह नौ बजे से दिव्यांग बच्चों के लिए पहचान एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।
- एनएचएससी टीम ने दक्षिण अंडमान के पांच स्थानों पर भारत कार्ड नामांकन अभियान चलाया गया।
- शिक्षा विभाग की ओर से समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष श्रवण यंत्र वितरण एवं फिटिंग शिविर का आयोजन किया गया।
- अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी 26 अगस्त को रेड रन मैराथन का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत डिगलीपुर स्थित विवेकानंद बहुउद्देशीय हॉल में आज सुबह नौ बजे से दिव्यांग बच्चों के लिए पहचान एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की विकलांगता मूल्यांकन, प्रमाणन और सहायक उपकरणों का वितरण करना है। लाभार्थियों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ इस शिविर में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत, ब्लॉक परियोजना अधिकारी की ओर से कार निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल में चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 13 पंजीकृत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अलावा 23 चिन्हित छात्र और आंगनवाड़ी के 4 बच्चे शामिल थे। शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की शीघ्र पहचान कर उन्हें सहायता प्रदान करना था। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. साहिना, दंत चिकित्सक डॉ. रूथ, नेत्र सहायक प्रदीप सिंह और एलिम्को के विशेषज्ञ ने पंजीकृत और चिन्हित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का मूल्यांकन किया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से एनएचएससी टीम ने उल्लास वृद्धाश्रम, अभ्युदय परिसर वृद्धाश्रम, चिन्मय मिशन, हैडो वार्ड नंबर दो और विम्बर्लीगंज पंचायत हॉल में आयुष्मान भारत कार्ड नामांकन अभियान चलाया गया। इस अभियान से अब तक 150 से अधिक वरिष्ठ

नागरिकों को लाभ हुआ है, जिससे उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में मदद मिली है। समाज कल्याण निदेशालय और एनएचएससी द्वीपसमूह में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण प्रदान करने का प्रयास कर रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संस्थान के माध्यम से समाज कल्याण निदेशालय में अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन – एल्डर लाइन 14567 शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य देश भर के वृद्ध नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करना है। द्वीपसमूह में भी यह हेल्पलाइन सेवा उपलब्ध है, जो सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक कार्यरत है।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विशेष श्रवण यंत्र वितरण एवं फिटिंग शिविर का आयोजन किया गया। गर्ल्स स्कूल और विम्बर्लीगंज में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य श्रवण बाधित बच्चों की शीघ्र पहचान, हस्तक्षेप और सहायता प्रदान करना था। चिकित्सा, पुनर्वास और शिक्षा विभाग के विशेषज्ञों ने छात्रों का मूल्यांकन कर श्रवण संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए समाधान किया गया। शिविर का नेतृत्व राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, चंडीगढ़ के वरिष्ठ ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. रवि कपूर ने किया। दो दिवसीय शिविर के दौरान, श्रवण बाधित कुल 31 छात्रों का ऑडियोलॉजिकल और ईएनटी मूल्यांकन किया गया। 26 जरूरतमंद छात्रों को श्रवण यंत्र लगाए गए। शिविर में अभिभावकों, शिक्षकों और विशेष शिक्षकों के लिए जागरूकता और परामर्श सत्र भी शामिल थे। यह पूरा कार्यक्रम शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह के समग्र पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से हाल ही में रंगत स्थित पशु चिकित्सालय में बकरियों के वैज्ञानिक पालन एवं प्रबंधन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य पशुधन उत्पादकता को बढ़ाना और बेहतर बकरी पालन पद्धतियों के माध्यम से किसानों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने बकरियों के बच्चों और बकरियों की देखभाल, प्रभावी आवास तकनीकों और संतुलित आहार पद्धतियों पर जानकारी दी। उन्होंने बकरियों में समय पर टीकाकरण के महत्व के बारे में भी बताया। यह पहल द्वीपसमूह में पशुपालन गतिविधियों को मजबूत करने के लिए पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग के प्रयासों को दर्शाती है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से एचआईवी और एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 26 अगस्त को 5 किलोमीटर की रेड रन मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर तीन श्रेणियों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोग भाग ले सकते हैं। यह दौड़ अंडमान क्लब से शुरू होकर न्यू लाइटहाउस रेस्टोरेंट से राजीव गांधी रोड होते हुए डिगनाबाद जेट्टी तक जाएगी और फिर उसी रास्ते से अंडमान क्लब में समाप्त होगी। प्रत्येक श्रेणी में नकद पुरस्कार दिए जाएँगे, जिनमें प्रथम स्थान के लिए 10,000 रुपये, द्वितीय स्थान के लिए 8,000 रुपये और तृतीय स्थान के लिए 5,000 रुपये शामिल हैं। रेड रन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 20 अगस्त, तक किए जा सकते है। सभी प्रतिभागियों सुबह 6 बजे नेताजी स्टेडियम में उपस्थित होने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए सहायक निदेशक, आईईसी कौशिक कुमार हलदर, सहायक निदेशक डॉक्यूमेंटेशन संतोष बघेल से फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर क्षेत्र के निवासियों ने राज्य परिवहन विभाग को पत्र लिखकर बस सेवा के समय में बदलाव की मांग की है। सौंपे गए पत्र में कहा गया है कि रामनगर से डिगलीपुर के लिए सुबह सात बजे एक विशेष छात्र बस चलाई जाए। वर्तमान में यह बस सुबह साढ़े पांच बजे रवाना होती है, जिससे छात्रों को स्कूल शुरू होने तक लगभग दो घंटे इंतजार करना पड़ता है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि डिगलीपुर से रामनगर के लिए चलने वाली बस पुराने मार्ग के बजाय नए मार्ग से होकर जा रही है, जिससे छात्रों को असुविधा हो रही है। पत्र में कहा गया है कि ज़मीन आवंटित होने के बावजूद, बस अड्डे की सुविधा न होने के कारण यात्रियों और मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस कारण राज्य परिवहन प्राधिकरण से समस्याओं का समाधान करने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से न्यूनतम आठवीं पास शैक्षिक योग्यता वाले बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विभाग द्वारा विभिन्न व्यवसायों में निःशुल्क कौशल–आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम, विशेषज्ञ मार्गदर्शन, प्रशिक्षण के बाद अपना स्वयं का आजीविका उद्यम शुरू करने का अवसर और इकाइयाँ स्थापित करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता प्रदान की जाएगी। प्रशिक्षण के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। आवेदन पत्र मिडिल प्वाइंट स्थित खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अलावा बकुलतला, डिगलीपुर, हट बे, कार

निकोबार के विस्तार कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र को प्रशासन की वेबसाइट से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

छात्रों के लिए विशेष श्रवण यंत्र वितरण एवं फिटिंग शिविर का आयोजन कर जागरूकता व परामर्श सत्र आयोजित करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपने अखबार में सचित्र प्रकाशित किया है। एफ एस एस ए आई ने प्राचीन खाद्य ज्ञान को मुख्यधारा में लाने के लिए आयुर्वेद आहार की एक निश्चित सूची जारी की–इस खबर को द्वीप समाचार ने प्रमुखता  से छापा है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने डाइट गाराचरमा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए फाउंडेशन सर्टिफिकेट कार्यक्रम के उद्घाटन के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। बीजेआर अस्पताल में मूल्यांकन शिविर आयोजित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने, जबकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>